**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


# भारत आर्थिक महाशक्ति बनने के रास्ते पर : हरिवंश

वर्धा, 28 अगस्त 2024 : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि भारत आर्थिक महाशक्ति बनने के रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि आर्थिक समृद्धि प्राप्त होने पर भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। श्रम, उद्योग और उद्यम ही भारत के भविष्य की दिशा तय करेगा। श्री हरिवंश जी बुधवार, 28 अगस्त को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में आयोजित 'भावी दुनिया में भारत' विषय पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने की। साहित्य विद्यापीठ के ग़ालिब सभागार में आयोजित व्याख्यान में कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर मंचासीन थे।




राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने आगे कहा कि बिना आर्थिक रूप से सफल हुए कोई भविष्य नहीं है। यह अस्तित्व से जुड़ा सवाल और पहली बुनियादी सोच है। भारत को सोने की चिडिया का देश कहा जाता था। इतिहास में हम समृद्ध थे, यही धारणा इस कथन के पीछे थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हमें 13.5 आर्थिक विकास की दर से आगे बढ़ना होगा। इससे हम आर्थिक रूप से समृद्ध तो होंगी ही, हमारी सारी समस्याएं भी हल होंगी। कोविड़ विपदा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस विपदा का सामना करने के लिए भारत ने महज 9 महीने के भीतर दो-दो टीके बनाए। हममें क्षमता है यह दिखा दिया। अर्जुन के लक्ष्य की तरह हमारी नज़र अपने ध्येय को साकार करने के लिए होनी चाहिए। मिलकर काम करने से हम नये भारत का निर्माण कर सकते हैं। आज हम तेज उभरती अर्थव्यवस्था में से एक हैं। यदि हम 2047 तक 55 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था हासिल करते हैं तो इससे रोजगार में निश्चित ही वृद्धि होगी। उन्होंने भविष्य के भारत में युवाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे भारत में स्टार्टअप का माहौल बना हुआ है। युवा रोजगार सृजन करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी मेधा अनेक बड़ी बड़ी कंपनियों में सेवाएं दे रही हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य एल-1 के कारण हम दुनिया में अग्रणी हो रहे हैं। इस क्षेत्र ने 20 हजार करोड़ से भी अधिक का आर्थिक योगदान दिया है। कृषि उद्योग, खिलौना उद्योग में भी हमारा निर्यात बढा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह दुनिया को बदल देगा। इसमें अभिशाप भी है और अवसर भी। सेमी-कंडक्टर निर्माण में भी हम अग्रसर हो रहे है। विकास-विकास और विकास ही लक्ष्य हो तब हम आने वाले दिनों में दुनिया में अग्रणी होंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया वे अपना राष्ट्रीय लक्ष्य तय करें। अपने भाषण में उन्होंने महात्मा गांधी, चाण्यक्य, मार्क्स, बसवेश्वर, स्वामी विवेकानंद से लेकर एपीजे अब्दुल कलाम, नारायण मूर्ति, अजिम प्रेमजी आदि भारत के निर्माताओं के प्रेरक उद्धरणों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राजनीति, कौशल भारत आदि विषयों पर अपने विचार रखे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि हमें अपनी विरासत और संस्कृति का स्मरण करते हुए आगे बढ़ना है। हमें नेतृत्वकारी भूमिका निभानेवाले लोगों के कार्य सामने रखने होंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम की यात्रा शक्तिपथ पर ले जाती है तो भारत की यात्रा मुक्ति पथ पर ले जाती है। विषय परिवर्तन करते हुए शिक्षा विभाग के अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि भारत ने युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध के संदेश को पूरी दुनिया में पहुचाया है। हमारी चिंतन परंपरा दुनिया को भविष्य का रास्ता दिखाती है।

स्वागत भाषण जनसंचार विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. कृपाशंकर चौबे ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिंह ने हरिवंश जी का शॉल, सूतमाला एवं विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। वर्धा के जिलाधिकारी राहुल कर्डिले ने हरिवंश जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार मिश्र ने किया। कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील ने आभार माना।

इस दौरान जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों द्वारा प्रकाशित मीडिया समय का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, अधिकारी, शोधार्थी, विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## भारत आर्थिक महासत्ता बनण्याच्या मार्गावर : हरिवंश

## हिंदी विश्वविद्यालयात राज्यसभेचे उपसभापती हरिवंश यांचे विशेष व्याख्यान

वर्धा, 28 ऑगस्ट 2024: भारत आर्थिक महासत्ता बनण्याच्या मार्गावर आहे. आर्थिक समृद्धी साधल्यास भारताचे भविष्य उज्ज्वल असेल. कामगार, उद्योग आणि उद्योग भारताची भविष्यातील दिशा ठरवतील असे प्रतिपादन राज्यसभेचे उपसभापती हरिवंश यांनी केले. श्री हरिवंशजी बुधवार, 28 ऑगस्ट रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात आयोजित 'भावी जगात भारत' या विषयावर विशेष व्याख्यान देत होते. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंहहोते. साहित्य विद्यापीठाच्या गालिब सभागृहात आयोजित व्याख्यानात कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील, शिक्षण विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर मंचावर उपस्थित होते. हरिवंश पुढे म्हणाले की, आर्थिकदृष्ट्या यशस्वी झाल्याशिवाय भविष्य नाही. हा एक अस्तित्वाचा प्रश्न आहे आणि पहिला मूलभूत विचार आहे. ते म्हणाले की, पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांनी 2047 पर्यंत भारत विकसित करण्याचा संकल्प केला आहे. हा संकल्प पूर्ण करण्यासाठी आम्हाला 13.5 च्या आर्थिक विकास दराने पुढे जावे लागेल. यामुळे आपण केवळ आर्थिकदृष्ट्या समृद्ध होणार नाही, तर आपल्या सर्व समस्याही दूर होतील. कोविड आपत्तीचा संदर्भ देत ते म्हणाले की, या आपत्तीचा सामना करण्यासाठी भारताने अवघ्या 9 महिन्यांत दोन लसी तयार केल्या. आमच्यात क्षमता आहे हे आम्ही दाखवून दिले आहे. अर्जुनच्या ध्येयाप्रमाणेच आपले ध्येय साध्य करण्याची आपली दृष्टी असली पाहिजे. एकत्र काम करून आपण नवा भारत घडवू शकतो. आज आपण सर्वात वेगाने वाढणाऱ्या अर्थव्यवस्थांपैकी एक आहोत. 2047 पर्यंत 55 ट्रिलियन डॉलर्सची अर्थव्यवस्था गाठली, तर नक्कीच रोजगार वाढेल. भविष्यात भारतातील तरुणांच्या भूमिकेचा संदर्भ देत ते म्हणाले की, संपूर्ण भारतात स्टार्टअपचे वातावरण आहे. रोजगार निर्मितीकडे तरुणांची वाटचाल सुरू आहे. आमची प्रतिभा अनेक मोठ्या कंपन्यांमध्ये सेवादेत आहे. अवकाश क्षेत्रात आपण चंद्रयान, मंगलयान आणि आदित्य एल-१ मुळे जगाचे नेतृत्व करत आहोत. या क्षेत्राने 20 हजार कोटी रुपयांहून अधिक आर्थिक योगदान दिले आहे. कृषी, उद्योग आणि खेळणी उद्योगातही आपली निर्यात वाढली आहे. कृत्रिम बुद्धिमत्तेचा संदर्भ देत ते म्हणाले की, यामुळे जग बदलेल. यात एक शाप आहे तसेच संधी पण आहे. सेमी कंडक्टर उत्पादनातही आम्ही प्रगती करत आहोत. विकास, विकास आणि विकास हेच ध्येय असेल तर येत्या काळात आपण जगात अग्रेसर होऊ. त्यांनी युवकांना आपले राष्ट्रीय ध्येय निश्चित करण्याचे आवाहन केले. आपल्या भाषणात त्यांनी महात्मागांधी, चाण्यक्य, मार्क्स, बसवेश्वर, स्वामी विवेकानंद, एपीजे अब्दुल कलाम, नारायण मूर्ती, अझीम प्रेमजी इत्यादी भारताच्या निर्मात्यांच्या प्रेरणादायी अवतरणांचा दाखला देत राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण, राजकारण, कौशल्य भारत इत्यादी विषयांवर आपली मते व्यक्त केली.

अध्यक्षीय भाषणात कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की, आपला वारसा आणि संस्कृती लक्षात ठेवून पुढे जायचे आहे. नेतृत्वाची भूमिका निभावणाऱ्या लोकांच्या कार्यावर प्रकाश टाकण्याची गरज आहे. ते म्हणाले की पश्चिमेचा प्रवास शक्तीच्या तर भारताचा प्रवास मुक्तीच्या मार्गावर घेऊन जातो. विषय प्रवर्तन शिक्षण विभागाचे अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर यांनी केले. भारताने युद्धाचा नव्हे तर बुद्धाचा संदेश जगात पोहोचवला. आपली विचार परंपरा जगाला भविष्याचा मार्ग दाखवते. असे ते म्हणाले. स्वागत भाषण जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष व कार्यक्रमाचे संयोजक प्रो. कृपा शंकर चौबे यांनी केले. यावेळी कुलगुरू प्रो. सिंह यांनी हरिवंश यांचे स्वागत शाल, सूतमाळ आणि विश्वविद्यालयाचे प्रतीक चिन्ह देवून केले. वर्धा जिल्ह्याचे जिल्हाधिकारी राहुल कर्डिले यांनी हरिवंश यांना पुष्पगुच्छ देऊन स्वागत केले. कार्यक्रमाचे संचालन गांधी व शांती अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार मिश्र यांनी केले तर कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील यांनी आभार मानले.

यावेळी जनसंचार विभागाच्या विद्यार्थ्यांनी प्रकाशित केलेल्या मीडिया समयचे प्रकाशन करण्यात आले. कार्यक्रमास अधिष्ठाता, विभागप्रमुख, शिक्षक, अधिकारी, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305